राखी का त्यौहार (रक्षा बंधन स्पेशल भजन) by Toshi Kaur

आओ आओ कान्हा आया राखी का त्यौहार
याद करे तेरी बहना तुझको जग के पालनहार
आओ आओ नन्द कुमार ....
आओ आओ कान्हा आया ....

मेरा तो बस एक है भाई
वो हो तुम मेरे कृष्ण कन्हाई
जब भी आता रक्षाबंधन
तुमसे ही उम्म्मीद लगाईं
मेरा तो तुमसे ही कन्हैया रोशन है संसार
आओ आओ मदन गोपाल ....
आओ आओ कान्हा आया ....

देर करो ना जल्दी आओ
बहना से राखी बँधवाओ
तुम हो मेरे प्यारे भैया
आकर बहन को गले लगाओ
थाल सजा कर पूजा की मैं कर रही इंतज़ार
आओ आओ नन्द कुमार ....
आओ आओ कान्हा आया ....

भाई बहन के प्रेम का बंधन
पावन होता रक्षा बंधन
जिसका भाई तुमसा मोहन
उसका फिर क्या कहना कुंदन
तेरा हमेशा मिलता आया कान्हा मुझको प्यार
आओ आओ मदन गोपाल ....
आओ आओ कान्हा आया ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%96%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a5%8c%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b0%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%b7%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%82%e0%a4%a7/